तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



खबर संक्षेप

बिरकोनी के फर्शी फैक्ट्री में चोरी

महासमुंद। बिरकोनी स्थित एक फर्शी फैक्ट्री में चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को यतेंद्र साहू ने बताया कि उसकी बिरकोनी बिजली सब स्टेशन के सामने पत्थर फैक्ट्री है, जिसमें पत्थर पॉलिस करने वाला मशीन लगा हुआ है। 7 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे जब वह फैक्ट्री गया तो देखा कि वहां रखे 04 नग डायमंड प्लेट एवं 09 नग गोंटा प्लेट कुल कीमत करीब 20000 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

राइस मिल से 25 हजार का सामान चोरी

महासमुंद। राइस मिल से चावल सहित अन्य सामान चोरी के मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सालासर बालाजी फूड राइस मिल के संचालक ने बताया कि 06 अक्टूबर की रात्रि 9 बजे से 7 अक्टूबर की सुबह करीबन 6 बजे के बीच राइस मिल से 10 कट्टा चावल, 01 नग एलपीजी सिलेंडर, 1 नग तिरपाल कुल कीमती लगभग 25000 रुपए की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जेठ ने की मारपीट

महासमुंद। ग्राम धनसुली में एक महिला के साथ उसके जेठ द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किय गया है। ग्राम धनसुली की शशिबाई साहू की लड़की के साथ उसका जेठ मनोज साहू 07 अक्टूबर के शाम 7 गाली गलौज कर रहा था। जिसे शशिबाई ने गाली गलौज करने से मना किया। इस पर आरोपी ने महिला से गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

रकम के लेनदेन को लेकर मारपीट

महासमुंद। बसना स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के पास एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस न बताया कि वार्ड 11 फोकटपारा निवासी राजेंद्र दास 7 अक्टूबर की सुबह करीबन 9.30 बजे काम करने जा रहा था। सरस्वती शिशु मंदिर बसना के पास मोहल्ले के बिसन दास ने पैसा वापस क्यों नहीं कर रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

महुआ शराब बरामद

महासमुंद। बागबाहरा पुलिस ने ग्राम हरनादादर से एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी सिंह टोंडेकर पिता बिंदु लाल टोंडेकर (35 साल) हरनादादर के घर बाड़ी से कुल 10 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की

यातायात कैमरा ग्रामीणों, किसानों और नागरिकों के लिए बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में हेलमेट नही पहनने वालों पर चालानी कार्रवाई के बंद होने के बाद यह चालानी कार्रवाई शहर के बाहर शिफ्ट कर दी गई है। लेकिन, अब जिला मुख्यालय के नजदीकी गांव खरोरा में कैमरे लगाए जाने के बाद से ग्रामीणों, किसानों और आम नागरिकों का विरोध शुरु हो चुका है। ग्रामीणों की मानें तो स्थानीय परिस्थितियों को नजरअंदाज कर लगाए गए कैमरे के कारण कई लोगों के एक से अधिक बार चालान कट चुके हैं।

ग्रामीणों के अनुसार खरोरा से होकर गुजरने वाले इस मार्ग का उपयोग बड़ी संख्या में किसान

खरोरा में कैमरे के कारण कई लोगों के एक से अधिक बार कट चुके हैं चालान

सात दिनों की भीतर नहीं हटाए गए कैमरे तो करेंगे आंदोलन

ग्रामीणों ने प्रशासन को सात दिनों की समयसीमा देते हुए मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर साई मंदिर के सामने लगाए गए यातायात कैमरे को हटाया जाए अथवा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।



नियमों के खिलाफ नहीं, कैमरे की जगह पर सवाल

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि वे यातायात नियमों के पालन के विरोध में नहीं हैं। उनका कहना है कि सड़क सुरक्षा और नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन कैमरा लगाने के लिए स्थान का चयन भी व्यावहारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। मंदिर, दुकानों, कॉम्प्लेक्स और खेती-किसानी से जुड़े आवागमन वाले स्थान पर कैमरे की मौजूदा व्यवस्था से आम लोगों को अनावश्यक परेशानी हो रही है। खेती-किसानी से जुड़े कार्यों के लिए नियमित रूप से करते हैं। इसके अलावा साई मंदिर, आसपास की दुकानों और कॉम्प्लेक्स के कारण यहां स्थानीय नागरिकों की आवाजाही भी लगातार बनी रहती है, ऐसे में कैमरे की मौजूदा स्थिति को लेकर ग्रामीणों में असंतोष गहराता जा रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा यातायात थाना प्रभारी महासमुंद तथा पुलिस अधीक्षक महासमुंद को लिखित आवेदन सौंपकर कैमरे के स्थान का निरीक्षण करने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि आवेदन दिए जाने के बावजूद अब तक समस्या का ठोस समाधान नहीं हो पाया है।

बैठक : 12 एजेंडों पर चर्चा पश्चात बनी सहमति

जीआईएस सर्वे के बाद टैक्स वृद्धि का सदस्यों ने किया विरोध, पुनः सर्वे की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के विकास संबंधित मुद्दों पर आहूत

- पालिका भवन और बस स्टैंड निर्माण के लिए मिली एनओसी
- पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में हुई परिषद की बैठक



परिषद की विशेष बैठक नगर पालिका परिषद में गुरुवार दोपहर 12 बजे नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में सीएमओ सौरभ शर्मा ने सभी पार्षदों और एल्डरमैनों को बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। अध्यक्ष साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय से ही नगर का विकास संभव है। हम सभी का एक ही लक्ष्य है कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त आदर्श शहर बनाना है। इसके लिए सभी पार्षद और अधिकारी टीम भावना से कार्य करें।

राशन कार्ड बनाने में आ रही समस्या पर चर्चा

दूसरे प्रमुख एजेंडा के रूप में पुराना एसडीएम बंगला को कार्यालय भवन निर्माण और नवीन बस स्टैंड निर्माण के संबंध में विचार किया गया। अध्यक्ष साहू ने जानकारी दी कि नगर पालिका के नए भवन और नए बस स्टैंड निर्माण के लिए एनओसी मिल गई है। नए पालिका भवन के लिए आर्किटेक्ट द्वारा ड्राइंग डिजाइन तैयार करा लिया गया है। तीसरे एजेंडा में आईडीबीआई बैंक के बाजू में ओवरब्रिज चौक के पास साइड में संत माता कर्मा की मूर्ति स्थापना के संबंध में विचार किया गया। चौथे एजेंडा के रूप में अध्यक्ष ने एक अतिरिक्त एजेंडा जोड़कर राशन कार्ड बनाने में नागरिकों को आ रही समस्याओं पर परिषद सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने परिषद के सामने प्रस्ताव रखा कि राशन कार्ड के लिए जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त कर प्रक्रिया को सरल करने संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा जाए।

बैठक में कुल 12 एजेंडों पर विस्तृत चर्चा हुई और सभी पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। बैठक में सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा वर्ल्ड बैंक परियोजना अंतर्गत जीआईएस आधारित संपत्ति सर्वे, नवीन संपत्तिकर डिमांड, ऑनलाइन कर वसूली किए जाने के संबंध में रखा गया। इस पर चर्चा करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व पार्षद सदस्यों ने कहा कि जीआईएस सर्वे त्रुटिपूर्ण है और इस त्रुटिपूर्ण सर्वे के बाद जनता पर अधिक टैक्स भुगतान की बाध्यता की नोटिस जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जीआईएस सर्वे की त्रुटि से शहर के नागरिकों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त टैक्स भार नहीं पड़ने दिया जाएगा। इस दौरान सभी ने प्रस्ताव रखा कि इस त्रुटिपूर्ण सर्वे को निरस्त कर पुनः सर्वे कराया जाए और नीतिगत बढ़ते क्रम में टैक्स निर्धारण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाए, जिसे परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी।

⏭शेष पेज 12 पर

युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार से गढ़ेगा विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत

खास बातें

- प्रधानमंत्री मोदी के विजन और विष्णु के सुशासन से ही विकसित होगा छत्तीसगढ़: विश्व विजय सिंह तोमर



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, नवाचार और रचनात्मक क्षमता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से शंकराचार्य भवन महासमुंद में युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद, मां भारती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला पंचायत सदस्य जुगनू चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े एवं निधि चंद्राकर, पूर्व राज्य युवा आयोग सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव ⏭शेष पेज 12 पर

छत्तीसगढ़ के युवा रचनात्मक और सकारात्मक सोच वाले: तोमर

युवा उड़ान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि युवाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत ही एकमात्र विकल्प है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। युवाओं को मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए और देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। युवाओं की शक्ति और ऊर्जा से भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य निश्चित रूप से पूरा किया जा सकता है और इसे कोई रोक नहीं सकता। राज्य युवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि युवा उड़ान कार्यक्रम युवाओं को अपनी बात रखने, अपनी क्षमता पहचानने और अपनी ऊर्जा को सही दिशा देने का अवसर प्रदान कर रहा है। माजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। जो युवा जागरूक होता है, वही आगे बढ़ता है और अपने साथ समाज को भी आगे ले जाता है।

सिरपुर में जानलेवा चाकूबाजी, चंद घंटों के भीतर पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

महासमुंद। सिरपुर में हुई चाकूबाजी एवं जानलेवा हमले की घटना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध में संलिप्त 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी परमानंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 06 अक्टूबर की रात्रि में राकेश साहू अपने घर से खाना खाकर जब लौट रहा था, इसी दौरान अंबेडकर चौक के पास हरि ध्रुव ने उसे रोका और लिफ्ट मांगा। राकेश ने हरि ध्रुव को लिफ्ट देने से मना कर दिया, तब इसी बात पर हरि ध्रुव, राकेश को गाली गलौज करने लगा। उसी समय राकेश साहू ने प्रार्थी परमानंद और टिकेश्वर साहू को आवाज देकर बुलाया। जो दोनो को समझा-बुझाकर अपने कार्य स्थल अस्पताल वापस चले गये। कुछ देर बाद राजेश ठाकुर ने प्रार्थी परमानंद को फोन करके बोला की तुम लोगों का आपसी क्या विवाद हुआ है, हरि ध्रुव से जाकर माफी मांग लो। प्रार्थी के बार-बार कहने पर कि अस्पताल के पास आ जाओ, बात कर लेते हैं, कहने पर राजेश ठाकुर नहीं माना और प्रार्थी को लक्ष्मण मंदिर के पास चलने को कहा, जहां प्रार्थी अपने भाई राकेश साहू व टिकेश्वर साहू के साथ मजबूर होकर गया तो उसने देखा कि राजेश ठाकुर के साथ सुरेश मिरी व हरि ध्रुव मौजूद थे, पहुंचते ही उन लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। तभी हरि ध्रुव द्वारा अपने पास रखे धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से प्रार्थी पर हमला कर दिया गया, जिससे प्रार्थी के गले पर तीन-चार बार वार करने से गले के पास ठुड्डी से अत्यधिक खून निकला। प्रार्थी द्वारा जान बचाकर भागने पर तीनों आरोपियों ने उसका पीछा भी किया। तत्पश्चात प्रार्थी को राकेश साहू व टिकेश्वर साहू बचाकर चौकी सिरपुर लेकर आए , जिस पर थाना तुमगांव में अपराध क्रमांक 228/2026, धारा 296, 115(2), 351(3), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्य संकलित किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों की घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू को नरेंद्र फर्नीचर दुकान के सामने घास से बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों हरिराम ध्रुव पिता धनीराम ध्रुव (26), राजेश ठाकुर पिता स्व. अवधेश सिंह ठाकुर (35), सुरेश मिरी पिता कांताप्रसाद मिरी, (26) सभी निवासी सिरपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष ज्यूडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

हमलावर तेंदुए की इलाज के दौरान मौत, अब दूसरा तेंदुआ दिखने से झिटकी और आसपास के गांवों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के कोमाखान क्षेत्र के झिटकी



गांव में पिछले दिनों रात के समय घर में घुसकर छह ग्रामीणों को घायल करने वाले तेंदुए की मौत हो गई है। रेस्क्यू के दौरान सिर में आई गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वन विभाग द्वारा तेंदुए का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। हालाँकि, तेंदुए की मौत के बाद भी इलाके में खतरा टला नहीं है। बुधवार को झिटकी से लगे कारीपाठ के दादरखार जंगल में कथित तौर पर एक और तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में फिर से डर और दहशत का माहौल बन गया है। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे झिटकी निवासी नान्हूराम चक्रधारी बकरियां चराने दादरखार जंगल की ओर गया था। नाले के पास उसने एक तेंदुए को बैठे देखा। तेंदुए को देखते ही नान्हूराम अपनी बकरियों को वहीं छोड़कर जान बचाकर गांव की तरफ भागा। लगभग दो घंटे बाद वह दो अन्य ग्रामीणों को साथ लेकर दोबारा उस स्थान पर पहुंचा, लेकिन तब तक तेंदुआ जंगल के घने हिस्सों में जा चुका था। इस घटना के बाद से जंगल से सटे गांवों के लोग अपने मवेशियों को चराने और जंगल की ओर जाने से कतरा रहे हैं।

रायपुर सफारी में हुई रेस्क्यू किए गए तेंदुए मौत

गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व झिटकी में आधी रात को करीब 1 बजे एक तेंदुआ ग्रामीण के घर में घुस आया था और सो रहे परिवार के 6 सदस्यों पर हमला कर घायल कर दिया था। घटना के बाद रविवार सुबह जंगल सफारी रायपुर और कानन पेंडारी जू की 10 सदस्यीय टीम ने करीब 1 घंटे 40 मिनट के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तेंदुए को ट्रैंकुलाइज (बेहोश) कर पिंजरे में कैद किया था। जंगल सफारी के डीएफओ तेजस शेखर के अनुसार, रेस्क्यू के दौरान तेंदुए के सिर पर चार से अधिक गंभीर चोट के निशान पाए गए थे। इलाज के लिए उसे जंगल सफारी रायपुर लाया गया था, जहाँ उसकी मृत्यु हो गई। मौत के सटीक कारण और समय का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। वहीं घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी पंडरीपानी, झिटकी और आसपास के संवेदनशील जंगल मार्गों पर वन विभाग द्वारा सुरक्षा बैनर या चेतावनी पोस्टर नहीं लगाए गए हैं। इससे ग्रामीणों और पशुपालकों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। महासमुंद डीएफओ टी. श्रीनिवास ने आश्वासन दिया है कि प्रमुख संवेदनशील रास्तों पर जल्द ही चेतावनी पोस्टर लगाए जाएंगे और ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं, ग्रामीणों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और तुरंत सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने की मांग की है।

नेहरू चौक में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी का धरना-प्रदर्शन

गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने मनाया 'काला दिवस'

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दिल्ली में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली एवं मतदाता अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज उठा रहे कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार एवं गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर देशभर में 'काला दिवस' मनाया गया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय नेहरू चौक पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा कि संसद से लेकर सड़क तक विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। चुनाव आयोग और पुलिस जैसी संवैधानिक एवं महत्वपूर्ण संस्थाओं पर जनता का विश्वास बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को हिरासत में लेकर उनकी आवाज दबाने के बजाय उठाए गए सवालों का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दिया जाना चाहिए। कांग्रेस जनहित और लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर अपना संघर्ष आगे भी जारी रखेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक और जनप्रतिनिधि का संवैधानिक अधिकार है। विपक्ष की आवाज को दबाने के बजाय लोकतांत्रिक संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों के अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और निष्पक्ष संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कांग्रेस इन लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष जनता की आवाज और अधिकारों की रक्षा करने वाली महत्वपूर्ण शक्ति है। जब लोकतांत्रिक अधिकारों पर सवाल खड़े होंगे, कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता मजबूती से अपनी आवाज उठाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की घटना को केवल नेताओं की गिरफ्तारी ⏭शेष पेज 12 पर



लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि दिल्ली में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता अधिकारों से जुड़े सवालों को लेकर आवाज उठा रहे इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, अभिषेक बनर्जी, महुआ मोइत्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया और उन्हें हिरासत में लिया गया, वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि वोट देने का अधिकार प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और इसकी रक्षा करना लोकतंत्र की मूल जिम्मेदारी है। कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक अपनी आवाज मजबूती से उठाती रहेगी।

बड़ी मात्रा में शराब और निर्माण सामग्री बरामद

महासमुंद। वार्ड नं 12 बसना में एक व्यक्ति के कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब के साथ निर्माण सामग्री बरामद की गई है। आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 7 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड नं 12 में संजय चतुर्वेदी नाम का व्यक्ति अपने घर के सामने खंडहर मकान में अवैध रूप से देशी महुआ शराब का निर्माण कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए संदेही से पूछताछ की। जिसने अपना नाम संजय चतुर्वेदी पिता आशाराम चतुर्वेदी (36 वर्ष) निवासी वार्ड नं 12 बसना होना बताया। तलाशी के दौरान ड्रम में भरी करीबन 75 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 15000 रुपए, 2 शराब बनाने में प्रयुक्त दो एल्युमीनियम गंजी 02 नग कीमत 1000, एक नीला रंग का खाली प्लास्टिक ड्रम कीमत 500 रुपए कुल कीमत 16,500 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह पिथौरा पुलिस लाखागढ बस्ती दुर्गा मंदिर के पास रहने वालेरवि शंकर प्रजापति के घर से 06 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब (कीमत 12,00 रुपए) बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई।



खबर संक्षेप

वन अधिकारियों के बंधक बनाने के मामले में नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर

महासमुंद। जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम तमोरा में वन विभाग की टीम पर हमले और दो अधिकारियों को करीब चार घंटे तक बंधक बनाए रखने का गंभीर मामले में खल्लारी पुलिस ने मामले में 9 नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि 6 अक्टूबर की रात वन परिक्षेत्र अधिकारी नवीन वर्मा अपने स्टाफ (उपवनक्षेत्रपाल नवीन शर्मा, वनरक्षक टोमन दीवान, वॉचर महेश चंद्राकर, पूनम साहू, राकेश ध्रुव और चालक हरदेव वर्मा) के साथ ढोड परिसर के कक्ष क्रमांक 95-96 में गश्त कर रहे थे। रात लगभग 7:30 बजे वनभूमि पर अतिक्रमण करने वाले कुछ लोग मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से वन अमले को घेर लिया। हमले के दौरान कुछ कर्मचारी किसी तरह जान बचाकर निकलने में सफल रहे, लेकिन वन परिक्षेत्र अधिकारी नवीन वर्मा और उपवनक्षेत्रपाल नवीन शर्मा को भीड़ ने घेर लिया और उनके साथ जम कर मारपीट की। शिकायत के अनुसार, दोनों अधिकारियों को पास के ही एक खेत में बने छोटे से मकान में ले जाया गया। रात 7:30 बजे से 11:30 बजे तक दोनों को बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान उन्हें किसी से बात करने या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई और जान से मारने की धमकियां दी गईं। मारपीट किए जाने से नवीन वर्मा (वन परिक्षेत्र अधिकारी) के पीठ, बाएं कंधे, बाईं जांघ, बाएं हाथ और आंख पर चोट, नवीन शर्मा (उपवनक्षेत्रपाल) के दाहिने कान के पीछे से रक्तस्राव, पीठ, बाजू, कंधे और बाईं कमर/कूल्हे में चोटें आई हैं। खल्लारी पुलिस ने आरोपी लक्ष्मी ध्रुव, प्रदीप ध्रुव, सुखराम, गणेश यादव, हेमिन बाई, चंदन, कलाबाई, लक्ष्मीबाई, संतकुमार सहित अन्य लोगों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 127(2), 132, 191(2), 221, 296 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

बेटा जौतिया महाव्रत पर्व एवं चिल्हरीडार पूजा के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन की सफलता पर आयोजन समिति ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विगत दिनों हाईस्कूल मैदान महासमुंद में आयोजित बेटा जौतिया महाव्रत पर्व एवं चिल्हरीडार पूजा का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महासमुंद सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन, मातृशक्ति, युवा एवं सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। आयोजन में लगभग 10 हजार लोगों की उपस्थिति रही, जिसने कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं यादगार बना दिया।

आयोजन समिति ने कार्यक्रम की सफलता के लिए गुरुदेव, गुरु माता, समाज प्रमुखों, 5 परिक्षेत्रों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, जय सिंघाधुवा सेवा समिति, आदिवासी युवा प्रभाग, मातृशक्ति, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी समाजजनों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। समिति ने कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति या संस्था की नहीं, बल्कि सभी के सामूहिक सहयोग, सहभागिता, समर्पण एवं आशीर्वाद का परिणाम है। समाज के प्रत्येक वर्ग ने जिस उत्साह और जिम्मेदारी के साथ आयोजन में अपनी भूमिका निभाई, वह सामाजिक एकता और संगठन शक्ति का परिचायक है।

कार्यक्रम के दौरान हमारी आस्था, संस्कृति एवं परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। माताओं द्वारा प्रातः सरोवर



स्नान के पश्चात पारंपरिक रूप से रोटी से व्रत का समापन किया गया। यह परंपरा कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही और हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनी।

आयोजन समिति ने इतने बड़े जनसमूह वाले कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में नगर पालिका महासमुंद एवं पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों एवं जवानों तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों एवं सफाईकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति ने उनके सहयोग एवं समर्पण के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सभी सहयोगी संस्थाओं का भी समिति ने आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि सभी के समन्वय और सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

आयोजन समिति ने कहा कि बेटा जौतिया महाव्रत पर्व एवं चिल्हरीडार पूजा केवल एक धार्मिक एवं पारंपरिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। लगभग 10 हजार लोगों की सहभागिता ने समाज की एकजुटता और अपनी संस्कृति के प्रति गहरे जुड़ाव को प्रदर्शित किया है। समिति ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन से मिली ऊर्जा और उत्साह भविष्य में भी समाजहित, सांस्कृतिक संरक्षण एवं सामाजिक एकता के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता।

श्रीकथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस गुरु शिष्य परंपरा व भक्ति का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जगद्गुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की प्रेरणा महासमुंद में आयोजित तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कथामृत का श्रवण किया। कार्यक्रम विशाल मेगा मार्ट परिसर बीटीआई रोड बरोंडा चौक में आयोजित किया जा रहा है। कथा के द्वितीय दिवस मुख्य यजमान इंदरकुमार चंद्राकर एवं मंजू चंद्राकर रहे, जबकि कार्यक्रम स्थल स्वागत यजमान के रूप में दानेश्वर सिन्हा एवं अमृता सिन्हा उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस प्रवचन में प्रवचनकार ने भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि शिष्य के जीवन को सही दिशा देकर उसे धर्म, भक्ति और आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। उन्होंने कहा कि सद्गुरु की शरण में जाकर गुरु दीक्षा ग्रहण करना प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण संस्कार है। गुरु की कृपा से मनुष्य का जीवन सफल, सार्थक एवं कल्याणमय बनता है।

उन्होंने कहा कि कलियुग में मनुष्य के जीवन को सही दिशा देने के लिए सद्गुरु का मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। जगद्गुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य का संदेश है कि मनुष्य के अंतर्मन और बहिर्मन में एकाग्रता का अभाव ही उसके अधिकांश दुःखों का कारण बनता है। मन का स्वाभाविक गुण चंचलता है, जो व्यक्ति को उसके लक्ष्य से विचलित कर देता है। ऐसे में सद्गुरु की शरण में रहकर भक्ति के मार्ग को अपनाना आवश्यक है। प्रवचनकार ने बताया कि भक्ति ही अंतरमन और बहिरमन को एकसूत्र में बांधने का कार्य करती है। इससे व्यक्ति की निर्णय क्षमता, विवेक, आत्मसंयम, उत्साह, साहस एवं सकारात्मक चिंतन का विकास होता है और उसका जीवन सत्पथ की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरु के मार्गदर्शन में भक्ति एवं सदाचार के मार्ग पर चलते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। कथा के दौरान दिव्य रासलीला का भी भावपूर्ण आयोजन हुआ। रासलीला का श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से रसास्वादन किया। भक्ति और आनंद से वातावरण भावविभोर हो उठा तथा श्रद्धालु भजनों पर नृत्य करते नजर आए। कार्यक्रम में रामानंद संप्रदाय छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी, विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ता, समिति सदस्य तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रीकथा ज्ञान यज्ञ के तीनों दिवस भंडारा एवं प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी की गई है। शुक्रवार को कथा के तृतीय एवं समापन दिवस विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ कथा का समापन होगा।



संयुक्त प्रवर्तन दल ने की बागबाहरा में 24 चालानी की कार्रवाई

महासमुंद। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा के निर्देशन में पचेडा और मामा भांचा गांव बागबाहरा में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003) के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में डीपीएम नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन व जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से औषधि निरीक्षक प्रियंका दीवान के द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में आने वाले विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध, 06 अ नबालिको के तंबाकू उत्पाद के उपयोग व बिक्री पर प्रतिबंध व धारा 06 ब शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के अंतर्गत कुल 24 चालान काटे गए। साथ ही पचेड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशा उन्मूलन हेतु आईईसी गतिविधि, शपथ ग्रहण व विद्यालय को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

सेवा के रंग रंगोली के संग थीम पर ब्लॉक स्तरीय रंगोली निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन, कार्यक्रम संयोजक प्राची गुप्ता एवं डॉ चंद्रिका चौधरी के मार्गदर्शन तथा पी बाघ के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा के रंग रंगोली के संग थीम पर ब्लॉक स्तरीय रंगोली (17×17 फीट) निर्माण कर सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ सेवा के रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के जय घोष से हुआ। विद्यार्थियों ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई (17×17 फीट) की रंगोली रही। प्राचार्य डॉ संध्या भोई ने अपने स्वागत संभाषण दिया।

रंगोली निर्माण में सेवा के रंग टीम-रितु चौधरी, रीना साव, भाग्यश्री अंचल, देवेंद्र कुमार चौधरी, श्वेता प्रधान, नताशा नायक, कविता जगत, कामिनी पटेल, श्रद्धा बरिहा, पार्वती पुलस्त, झरना भोई, सरोज निषाद, पूजा निषाद, कामिनी प्रधान, चंद्रिका भोई, कंचन धृतलहरे, रीता पटेल, कमलेश्वर सिदार, लाजवंती साहू, तारापुहुप, पद्मिनी सिदार, राखी चौधरी, नीलिमा धवल एवं पुष्पांजलि का सक्रिय सहभागिता रही। माधुरी मिर्धा (बीए तृतीय सेमेस्टर) के देशभक्ति गीत एवं प्रभात कुमार सिदार (मां तृतीय सेमेस्टर हिंदी)के प्रभावशाली नित्य ने अतिथियों एवं विद्यार्थियों का ध्यान आकृष्ट किया। सेवा के रंग टीम के विद्यार्थियों को उनकी रचनात्मकता, मेहनत एवं सामाजिक जागरुकता को प्रोत्साहित करने के लिए अतिथियों द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक प्राची गुप्ता ने किया।

पुराने रावण भाठा में कराई गई सफाई, कचरा फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई

महासमुंद। वार्ड क्रमांक 14 एवं 16 के मध्य स्थित पुराने रावण भाठा की खाली भूमि में पिछले दो दिनों से कचरा फेंके जाने संबंधी समाचार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा संज्ञान लिया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका के सफाई अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर तत्काल सफाई कराते हुए स्थल से कचरा हटाया गया। साथ ही संबंधित कर्मचारियों को उक्त स्थल पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारी ने निर्देशित किया है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त स्थान पर कचरा फेंकते हुए पाया जाता है तो



फोटो, वीडियो अथवा अन्य उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर उसकी पहचान सुनिश्चित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रमाणित साक्ष्यों के आधार पर कचरा फेंकने वाले व्यक्ति की जानकारी समाचार पत्रों एवं अन्य सार्वजनिक माध्यमों से साझा की जाएगी।

गौरतलब है कि इससे पूर्व स्टेशन रोड के पास भी इसी प्रकार सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंके जाने का मामला सामने आया था। उस समय भी नगर पालिका द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि कचरा फेंकने वाले व्यक्ति की पहचान यदि फोटो, वीडियो अथवा अन्य पुख्ता साक्ष्य से होती है, तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसकी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि शहर को स्वच्छ रखना केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है। यदि नागरिक स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग नहीं करेंगे, तो आखिर शहर को स्वच्छ रखने में कौन सहयोग करेगा? नागरिक अपने आसपास कचरा फेंकने वालों को रोकें तथा ऐसे मामलों की सूचना नगर पालिका को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

27वां विश्व दृष्टि दिवस पर हुई विविध स्पर्धा

महासमुंद। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा के निर्देशानुसार तथा जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. अनिल गोरियार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर के मार्गदर्शन में तथा सृष्टि सेवा समिति (साइटसेवर्स इंडिया) के सहयोग से 08 अक्टूबर 2026 गुरुवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लभरा खुर्द महासमुंद में 27वां विश्व दृष्टि दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन एवं विद्यार्थियों में आंखों की देखभाल एवं नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना रहा। इस वर्ष विश्व दृष्टि दिवस की थीम अपनी आंखों से प्यार करें रखी गई है। कार्यक्रम में जिला सहायक नोडल अधिकारी अवधेश यादव द्वारा विद्यार्थियों को विश्व दृष्टि दिवस के उद्देश्य एवं महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। तत्पश्चात संजय कुमार चंद्राकर नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि आंखों का महत्वपूर्ण भाग कॉर्निया है, जिसे चोट एवं रासायनिक पदार्थों के संपर्क से बचाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को आंखों की सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक चश्मे का उपयोग करने, आंखों को स्वच्छ पानी से धोने, मोबाइल एवं स्क्रीन टाइम को सीमित रखने, पर्याप्त नींद लेने तथा विटामिन-ए से भरपूर पौष्टिक आहार का सेवन करने की सलाह दी। इसी क्रम में रामेश्वर सिन्हा नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा बच्चों में पाए जाने वाले विभिन्न दृष्टिदोषों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा उनके उपचार एवं समय पर नेत्र जांच कराने के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सृष्टि सेवा समिति (साइटसेवर्स इंडिया) के सहयोग से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चित्र लेखन, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

पेज 11 का शेष

जीआईएस सर्वे के बाद टैक्स वृद्धि ...

इसके बाद शेष एजेंडों पर क्रमवार चर्चा की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य पेंशन योजना हेतु प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति के संबंध में विचार कर पात्र हितग्राहियों को लाभ देने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के प्राप्त नवीन आवेदनों पर भी मंथन किया गया। शंकराचार्य भवन एवं वार्ड क्रमांक 11 स्थित वृद्धाश्रम में ओवर हेड टैंक में प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृती, वार्ड क्रमांक 15 बाजार वार्ड स्थित निकाय अधीनस्थ पुरानी कांजी हाउस की भूमि पर व्यावसायिक परिसर निर्माण करने, वार्ड क्रमांक 15 माकड़े ढुकान से महामाया रोड पर महामाया गेट द्वार बनाए जाने, आदर्श शहर समृद्धि योजना अंतर्गत व अन्य मद से विभिन्न निर्माण कार्यों का प्रस्ताव भेजे जाने, शहर में भारत माता चौक बनाने और प्रेसीडेंट इन कौंसिल की बैठक दिनांक 03.08.2026 में पारित निर्णय के अवलोकन संबंधी एजेंडों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर बैठक में उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापतिगण सूरज नायक, गुलशन साहू, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, पार्षद गण मुस्ताक खान, ओमिन टोमन कागजी, पवन पटेल, हरवंश सिंह नानू भाई, राहुल अवाड़े, नीरज चंद्राकर, धनेंद्र चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, माखन पटेल, पीयूष साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, कल्पना सूर्यवंशी, धनेश्वरी सोनधर सोनवानी, भारती चंद्राकर, प्रीति मक्कड़, सीता टोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, सुनैना पप्पू ठाकुर, माधुरी धनीराम यदु, मुन्ना देवार, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र जैन, विधायक प्रतिनिधि हाफिज कुरैशी, एल्डरमैन गण प्रभा साहू, मधु यदु, लाल विजय सिंह देव, हनीश बठगा, सीएमओ सौरभ शर्मा, नपा अधिकारी गण एसडी शर्मा, करण यादव, हेमंत पिसदा, जल विभाग से दुर्गेश कुंजेकर, पीडब्ल्यूडी से नरेश ध्रुव, राजस्व विभाग से दिलीप चंद्राकर, गुमान ध्रुव, नौशाद बक्श सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा

अमन वर्मा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, विकसित छत्तीसगढ़ तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं परिचर्चा आयोजित की गई। युवाओं ने भी विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं, विचार और सुझाव साझा किए।

युवा अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप लक्ष्य चुनें-कलेक्टर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हाल ही में आयोजित सेवा सेतु अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान से युवाओं को भी जोड़ा गया और युवाओं ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अपनी भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी रुचि, क्षमता और प्रतिभा के अनुरूप विषय और क्षेत्र का चयन करना चाहिए। उन्होनें कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि युवा का भविष्य भी प्रभावित करता हैकार्यक्रम के दौरान खेल एवं शिक्षा सहित स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

गिरफ्तारी के विरोध...

के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ा विषय है। कांग्रेस कार्यकर्ता न दबेंगे और न डरेंगे तथा जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

कार्यक्रम का संचालन खिलावन बघेल ने किया।

कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मण पटेल, लक्ष्मी देवांगन, राशि महिलांग, संजय शर्मा, अमन चंद्राकर, विजय बंजारे आदि कांग्रेस नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया और कहा कि संविधान, लोकतंत्र और मतदाता के अधिकारों की रक्षा किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश की जिम्मेदारी है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की बुनियाद है। मतदाता अधिकारों से जुड़े सवालों का समाधान लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना चाहिए। लोकतंत्र, संविधान एवं नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस का लोकतांत्रिक संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन में सेवनलाल चंद्राकर अन्नु चंद्राकर, खिलावन बघेल, तुलसी साहू, ब्रिजेन बंजारे, सोनम बंसोड, तबरेज खान, देवेश शर्मा, राजेश नेताम, मानिकराम साहू, टोमन कागजी, नुकेश महंत, राजू साहू, अनुराग चंद्राकर, नारायण नामदेव, लोकेश चंदन, कविता तिवारी, जयश्री दास, मोती साहू, लीलू साहू, राजेश मुकर्जी, लोकेश मांझी, सुरेंद्र ठाकुर, राहुल आवडे, संतोष धीवर, अब्दुल जावेद, भूमिका ध्रुव, तुलसी देवादास, अरूण साहू, भानु सोनी, छोटेलाल मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरपंच पुत्र पर धमकी देकर हस्ताक्षर कराने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत सिंघनपुर में सरपंच झाल बाई

- प्रेसवार्ता में 9 पंचों ने सरपंच पर लगाए गंभीर आरोप, अविश्वास प्रस्ताव के बाद भी निरीक्षण/प्रक्रिया न होने से आक्रोश



राय के खिलाफ वार्ड पंचों ने मोर्चा खोल दिया है। पंचों का आरोप है कि सरपंच मनमाने ढंग से कार्य कर रही हैं और पंचों की सलाह के बिना पंचायत कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए पंचों ने बताया कि सरपंच अपने बेटे देवेंद्र राय एवं परिवार के सदस्यों को पंचायत बैठकों में शामिल करती हैं। पंचायत के निर्णय और प्रस्ताव सरपंच के बेटे द्वारा जबरन लिखवाए जाते हैं तथा पंचों पर दस्तखत करने का दबाव बनाकर धमकियां दी जाती हैं। पंचों की सहमति के बिना पंचायत राशि का आहरण करने और दुर्व्यवहार करने का भी आरोप है। सरपंच की इस कार्यप्रणाली से परेशान होकर 9 वार्ड पंचों ने 21 सितंबर 2026 (सोमवार) को सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए एसडीएम को आवेदन सौंपा था।

एसडीएम कार्यालय द्वारा निरीक्षण के लिए 06 अक्टूबर 2026 की तिथि तय की गई थी। निर्धारित समय पर सभी पंच निरीक्षण स्थल पर उपस्थित हुए। लेकिन, दोपहर 2 बजे तक कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। प्रक्रिया शुरू न होने पर जब पंचों ने एसडीएम को फोन लगाया, तो उन्हें कोई स्पष्ट या कानूनी जानकारी नहीं दी गई। पंचों का कहना है कि प्रशासन के इस रवैये से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। पंचों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निष्पक्ष कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं की गई तो वे उग्र कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस दौरान तुलसा यादव, कमला कुर्रे, सहोद्रा, किरण निषाद, रामहीन बाई, संतन जांगड़े उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 30 तक

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान एवं निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। शिक्षण सत्र 2026-27 में आईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एबीबीएस, एनआईटी एवं ट्रिपल आईटी जैसे राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों में चयनित एवं प्रवेश लेने वाले पात्र विद्यार्थी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यार्थी अपना आवेदन रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप सहायक आयुक्त कार्यालय अथवा विभागीय पोर्टल https://eklavua.cg.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है तथा वह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल होना चाहिए। विद्यार्थी के पास संबंधित उच्च व्यावसायिक संस्थान में चयन का प्रमाण पत्र तथा प्रवेश लेने के संबंध में संस्था द्वारा जारी सूचना पत्र होना अनिवार्य है। पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए। शासकीय सेवकों के आश्रित इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। हालांकि, चतुर्थ श्रेणी शासकीय कर्मचारियों के बच्चे योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

संयुक्त बैठक न होने पर गोंड समाज का फूटा गुस्सा, 13 को 10 हजार समाजजन करेंगे कलेक्टर कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ रानीमहल पिथौरा महासभा ने कलेक्टर को एक ज्ञापन देकर जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 12 अक्टूबर 2026 तक गोंड समाज की दोनों महासभाओं की संयुक्त बैठक नहीं बुलाई गई, तो 13 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर द्वारा जारी पत्र के अनुसार समाज के भीतर सामाजिक प्रतिबंध, आर्थिक लेन-देन के हिसाब-किताब, आवाजाही पर रोक तथा मुंशीलाल ठाकुर द्वारा सामाजिक पदाधिकारियों को जान से मारने की साजिश से संबंधित कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग प्रस्तुत किए जाने के बावजूद अब तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई है। इस निष्क्रियता के कारण समाज में अशांति और वैमनस्यता का माहौल बन रहा है।



प्रमुख मांग

अखिल भारतीय गोंड समाज की स्पष्ट मांग है कि सरायपाली महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह की अनिवार्य उपस्थिति में 12 अक्टूबर 2026 तक कलेक्टर के संरक्षण व मध्यस्थता में संयुक्त बैठक बुलाई जाए। यदि निर्धारित तिथि तक मांग पूरी नहीं होती है, तो 13 अक्टूबर 2026 को महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, बिलासपुर, रायपुर छत्तीसगढ़ तथा नुआपाड़ा ओडिशा से लगभग 10,000 समाजजन महासमुंद पहुंचकर कलेक्टर कार्यालय का उग्र घेराव व धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक महासमुंद तथा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा रायपुर को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई है।

बैठकों का पूर्व घटनाक्रम

प्रशासनिक आदेशानुसार 04 जुलाई 2026 को जनपद पंचायत बागबाहरा तथा 10 जुलाई 2026 को कलेक्टर कार्यालय महासमुंद में अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ रानीमहल पिथौरा महासभा और सरायपाली बसना महासभा की संयुक्त बैठकें आयोजित की गई थीं। परंतु, सरायपाली महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह के अनुपस्थित रहने के कारण कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। तत्पश्चात समाज के प्रतिनिधियों ने 13 अगस्त, 07 सितंबर, 23 सितंबर और 25 सितंबर 2026 को कलेक्टर से लिखित व मौखिक रूप से लगातार संपर्क किया, लेकिन आज तक कोई नई बैठक आयोजित नहीं की गई।

विरोध: अजाक थाना व आदिम जाति कल्याण विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

सतनामी समाज ने अजा आयोग से की पुलिस प्रशासन के भेदभावपूर्ण रवैए की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने समाज को प्राप्त विभिन्न आवेदन पर राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नाम पर आयोग के उपाध्यक्ष बेदराम मनहरे से पांच बिंदुओं पर शिकायत की है, जिस पर आयोग के उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब करने आश्वस्त किया।

समाज द्वारा सौंपे गए शिकायत पत्र में अनुसूचित जाति के लोगों के साथ जातिगत भेद-भाव की घटना घटित होने पर संबंधित थानों में आवेदन देने व स्वतंत्र गवाहों के बयान देने के बाद भी पुलिस द्वारा एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज करने के बजाय गवाहों पर ही दबाव बनाकर बयान बदलवाकर मामला रफा-दफा करने की बात कही है।

जिसमें महासमुंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामू मांडरे पिता स्वर्गीय बाबूलाल मांडरे बिरकोनी निवासी व राजेश्वरी टंडन पति कृष्ण टंडन रमनटोला निवासी महासमुंद ने जातिगत गाली गलौज करने की आवेदन गवाहों के साथ प्रस्तुत किया। परंतु, एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उल्टा गवाह को बयान बदलने व लेन देन कर मामले को रफा-दफा करने के लिए दबाव बना रही है। इसी प्रकार खल्लारी थाना अंतर्गत झारा निवासी भारती टंडन पिता श्यामलाल टंडन की हत्या उसके नाबालिग प्रेमी द्वारा किए जाने के संबंध में अन्य लोगों के संलिप्तता पर कार्रवाई करने की परिजनों व समाज की मांगों को भी पुलिस सामूहिक बहिष्कार किया गया, जिससे तत्कालीन एसपी ने मामला को ही खारिज कर दिया। पुलिस द्वारा सतनामी समाज के ज्यादातर



अधीक्षक द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया है। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीडीह में सतनामी समाज का मामलों को दबा रही है या व्यक्तिगत दुश्मनी या लड़ाई झगड़ा बताकर जातिगत दुर्व्यवहार होने पर भी एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है। अब तो स्वतंत्र गवाह होने के बावजूद पृथक आईटी साक्ष्य का बहाना बताया जा रहा है।

छात्रवृत्ति प्रकिया व आय सीमा पर संज्ञान लेने की मांग

अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रवृत्ति के लिए न्यूनतम आय सीमा ढाई लाख की सीमा को समाप्त किया जाए। संविधान में अनुसूचित जाति जनजाति को आरक्षण या छात्रवृत्ति की अधिकार जाति के आधार पर दिया गया है ना कि आर्थिक आधार पर इसलिए ढाई लाख की आय सीमा को समाप्त करने की जरूरत है। वहीं राज्य छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन भरने में बहुत सारे कठिन नियम बनाया गया, जिसके कारण प्रायमरी व मिडिल स्कूल के बहुत से छात्र वंचित हो जा रहे।

इसलिए आठवीं तक के छात्रों को सीधे स्कूल के प्रधान पाठक के अनुशंसा से ही छात्रवृत्ति देने का प्रावधान कर सरलीकरण किया जाना चाहिए। क्योंकि वर्तमान में आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड में आधार सिडिंग की अनिवार्यता के कारण मिडिल स्कूल स्तर के गरीब बच्चे भी वंचित हो जा रहें हैं। इसी तरह शिक्षक भर्ती में अनुसूचित जाति के लोगों को शैक्षणिक अहर्ता में पहले की तरह 5 प्रतिशत की छूट दी जाने की मांग शामिल हैं।

छात्रावास मरम्मत में हुई भ्रष्टाचार और हत्या पर दी उचित राहत राशि का नहीं देने का आरोप

अनुसूचित जाति प्री बालिका छात्रावास गुड़रु पारा में लाखों रुपए स्वीकृत राशि का जिला प्रशासन की मिलीभगत से बड़े पैमाने में भ्रष्टाचार किया गया है। छात्रावास भवन की छत की ढलाई करने के बजाय केवल दीवारों की रंग-रोगन, फ्लोर में टाइल्स वगैरह लगवाकर काम खत्म कर दिया गया। इसी प्रकार आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दी जाने वाली राहत राशि के निर्धारण करने व समय सीमा में राशि नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पचेड़ा निवासी सुनीता सोनवानी के लड़की की एक्ट्रोसिटी एक्ट के दर्ज मृत्यु प्रकरण में उचित राहत राशि का लाभ तय समय-सीमा में नहीं दिए जाने पर दोबारा निर्धारण करवाने की मांग किया है।



लाफिनखुर्द आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में लाफिनखुर्द के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में महिलाओं, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भोजन में अनाज, दाल, हरी एवं मौसमी सब्जियां, फल, दूध-दही, अंडा तथा अन्य प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना आवश्यक है। गर्भवती महिलाओं को बताया गया कि गर्भावस्था में मां के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु के विकास के लिए भी पर्याप्त पोषण जरूरी है। भोजन में दाल, चना, मूंगफली, हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध-दही, अंडा या उपलब्ध स्थानीय प्रोटीन स्रोत शामिल करें। आयरन और फोलिक एसिड जैसी आवश्यक दवाएं स्वास्थ्य विभाग की सलाह के अनुसार नियमित लेने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द की सरपंच जानकी साहू, बरोंड़ा सोसायटी अध्यक्ष नामदेव साहू, रेखराज साहू, नंद कुमार नवरंग, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

बच्चों की पढ़ाई राजनीति का मंच नहीं : बघेल



महासमुंद। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को बार-बार राजनीतिक या सरकारी आयोजनों में बुलाए जाने और सरकारी स्कूल प्रबंधन पर खासतर से कन्या स्कूलों की छात्राओं को देर शाम तक राजनितिक आयोजनों में शामिल होने बकायदा प्रबंधन को टारगेट थमाए जाने की कड़ी निंदा करते हुए अधिवक्ता एवं मंडल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी खिलावन बघेल ने कहा कि स्कूल बच्चों के भविष्य की नींव रखने वाले संस्थान हैं। यहीं वे ज्ञान अर्जित करते हैं, शिक्षक से संस्कार सीखते हैं और अपने सपनों को दिशा देते हैं। इसलिए स्कूलों की पहली जिम्मेदारी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना और उनके शिक्षण समय की रक्षा करना है। छत्तीसगढ़ में यह सवाल गंभीरता से उठना चाहिए कि यदि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को बार-बार राजनीतिक या सरकारी आयोजनों में बुलाया जाता है और इससे उनकी नियमित कक्षाएं प्रभावित होती हैं, तो इसका नुकसान किसे उठाना पड़ता है? उत्तर स्पष्ट है बच्चों को और उनके भविष्य को। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल या सरकार का आयोजन बच्चों की शिक्षा से अधिक महत्वपूर्ण नहीं माना जाना चाहिए। विद्यार्थियों को राजनीतिक शक्ति-प्रदर्शन का हिस्सा बनाने के बजाय पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल, विज्ञान गतिविधियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और आधुनिक कौशल से जोड़ना अधिक जरूरी है। यह प्रश्न किसी एक दल के पक्ष या विपक्ष का नहीं, बल्कि शिक्षा की प्राथमिकताओं का है। यदि किसी आयोजन में विद्यार्थियों की सहभागिता का स्पष्ट शैक्षणिक उद्देश्य हो, वह आयु-उपयुक्त हो और उनकी सुरक्षा, गरिमा तथा नियमित पढ़ाई प्रभावित न हो, तो उसका औचित्य समझा जा सकता है। लेकिन यदि बच्चों को केवल भीड़ बढ़ाने, मंच की शोभा बढ़ाने या उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कक्षाओं से बाहर किया जाता है, तो ऐसी व्यवस्था की समीक्षा आवश्यक है।

देवरी स्कूल की छात्रों ने नेत्र जागरूकता कार्यक्रम के तहत बनाई मानव श्रृंखला



महासमुंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में विश्व दृष्टि दिवस पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में नेत्र जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र छात्राओं को मानव नेत्र से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने नेत्रदान महादान से संबंधित नारा दिया और बताया कि हमें नियमित नेत्र परीक्षण करवाना चाहिए, धूप में चश्मे का उपयोग करना चाहिए, मोबाइल स्क्रीन का ज्यादा उपयोग न करें, संतुलित और पौष्टिक आहार लेना चाहिए आंखों की साफ़ सफ़ाई का ध्यान रखना चाहिए, इससे हमारे नेत्र स्वस्थ रहेंगे। कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा नेत्र शब्द का मानव श्रृंखला बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, नीलू सोनी, संजय बारसागड़े, आनंद राम व्योहार, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, आशीष कुमार दीवान, भोज राम ध्रुव, कुलेश्वर सिंह ठाकुर सहायक शिक्षक देवानंद चंद्राकर, उद्देश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी हितेश कुमार साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईश्वरी एवं लक्की का किया गया सम्मान



महासमुंद। 'विकसित भारत विजन @2047 से जोड़ने तथा 'विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज शंकराचार्य भवन महासमुंद में 'युवा उड़ान 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य जुगनू चंद्राकर, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े एवं निधि चंद्राकर, पूर्व राज्य युवा आयोग सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, अमन वर्मा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, 'एक राष्ट्र-एक चुनाव', विकसित छत्तीसगढ़ तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं परिचर्चा आयोजित की गई। युवाओं ने भी विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं, विचार और सुझाव साझा किए। युवा उड़ान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि बीजापुर से प्रारंभ हुआ 'युवा उड़ान' कार्यक्रम आज महासमुंद सहित प्रदेश के 14वें जिले तक पहुंच चुका है। यह कार्यक्रम युवाओं से संवाद करने, उनकी प्रतिभा को पहचानने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि एक समय कहा जाता था कि 'पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब', लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं। खेल के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले की विकास उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि महासमुंद जिले में एक लाख से अधिक आवासों का निर्माण किया गया है, जो प्रदेश में उत्कृष्ट उपलब्धि है। कार्यक्रम के दौरान खेल एवं शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार प्राप्त अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी ईश्वरी निषाद एवं लक्की यादव को राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने सम्मानित किया। अतिथियों ने युवाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजन में खिलाड़ियों को सम्मानित किए जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुपमा आनंद, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, रेखराज शर्मा, निरंजन साहू ने हर्ष जताया है।

बैलेट पेपर से चुनाव हो तो भाजपा का सत्तारुढ़ होना अंसभवः कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बैलेट पेपर से देश के आम चुनाव हो तो

- ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी व वोट चोरी का काला साया

भारतीय जनता पार्टी का केंद्र सहित किसी भी राज्य में सत्ता प्राप्ति करना असंभव कार्य है। भाजपा को चुनावी जीत के पीछे जनता का भरोसे के बजाए ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी व वोट चोरी का काला साया है। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व पालिकाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कही। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा बैलेट पेपर से आम चुनाव संपन्न किए जाने की मांग से



जितनी बौखलाहट व घबरा रही है उतनी ही ईवीएम गड़बड़ी व वोट चोरी के समर्थन में पूरी ताकत से खड़ी है। देश स्वतंत्रता पश्चात लंबे समय तक संघ समर्थित दलों को जनता ने हमेशा सत्ता से वंचित रखा। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने कहा कि अगर भाजपा को जनता के भरोसे का दावा विभिन्न माध्यमो से करती है तो बैलेट पेपर पद्धति से चुनाव संपन्न करने में भय और परेशानी क्यो? विपक्षी कांग्रेस व सहयोगी दलों की मांग बैलेट पेपर से चुनाव की माँग से बेचैन भाजपा के लोगों को देखकर जनता भी अब महसूस करने लगी है कि दाल में कुछ काला नही बल्कि सम्पूर्ण दाल ही काली है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुनहरे अध्याय में काला अध्याय की तरह है।

तुसदा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 अक्टूबर 2026 तक जिला बलौदाबाजार में किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, सरगुजा एवं रायपुर संभाग की टीमों ने हिस्सा लिया। लगभग 500 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में 14 वर्ष आयु वर्ग टच रग्बी बालक-बालिका, 19 वर्ष नेटबॉल बालक-बालिका तथा 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक-बालिका कुराश खेलों का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर जोन की ओर से महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शाला एवं जिले का नाम रोशन किया। तुसदा हायर सेकेंडरी स्कूल बागबाहरा के खिलाड़ियों ने भी विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। 14 वर्ष रग्बी बालिका वर्ग में रजनी खड़िया एवं निशा खड़िया तथा 14 वर्ष बालक वर्ग में मितेश खड़िया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इसी प्रकार कुराश 17 वर्ष बालिका वर्ग में लीना पटेल एवं 19 वर्ष बालिका वर्ग में सोनम खड़िया ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष बालक वर्ग में निखिल खड़िया तथा 19 वर्ष बालक वर्ग में आशीष जगत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इन सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से रायपुर जोन ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से तुसदा हायर सेकेंडरी स्कूल एवं पूरे महासमुंद जिले में हर्ष का माहौल है। खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज धृतलहरे, तुसदा स्कूल के प्राचार्य चंद्रिका प्रसाद साहू, समस्त शिक्षकगण एवं पीटीआई अंजू प्रजापति ने हर्ष जताया है।



खबर संक्षेप



मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

महासमुंद। ग्राम खरोरा में हिंदी साहित्य के उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थितजनों ने मुंशी प्रेमचंद के जीवनी को याद कर उन्हें स्मरण किया। बताया गया कि उन्होंने लेखनी से आम जनमानस की पीड़ा को शब्दों में पिरोकर समाज को एक नई दिशा दी। भारत में उनका साहित्य आज भी बेहद सम्मान के साथ याद किया जाता है। उनकी कालजयी रचनाएं और विचार हर युग में प्रासंगिक और प्रेरणादायी रहेंगे। इस मौके पर कौशल्या, भारती, दामिनी, जया, लता, विमला भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

बिरकोनी मां चंडी मंदिर में 11 से नवरात्रि प्रारम्भ

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी स्थित मां चंडी सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर में 71वां शारदीय क्वांर नवरात्रि महोत्सव 11 अक्टूबर रविवार से प्रारंभ होगा। जिसमें मनोकामनाएं ज्योति प्रज्वलित 701 रु निर्धारित किया गया है। वही मंदिर परिसर में पंचमी से सप्तमी तक रात्रि 9 बजे आमंत्रित मंडलियों द्वारा झांकी कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। देवी पूजा आरती प्रातः 7 बजे व संध्या 7 बजे किया जाएगा। सोमवार 19 अक्टूबर को अष्टमी/महानवमी पूजा, पूर्णाहुति, कन्या पूजा एवं ज्वारा विसर्जन के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

आशी बाई गोलछा स्कूल में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज की कार्यशाला आयोजित

महासमुंद। शहर की प्रतिष्ठित आशी बाई गोलछा हायर सेकंडरी स्कूल में 07 अक्टूबर को सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज और सेवा मंथन अभियान के अंतर्गत एक विशेष विज्ञान एवं तकनीकी जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें आधुनिक तकनीकों से परिचय करना है। विद्यालय के स्मार्ट क्लास रूम में इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन करते हुए डिजिटल प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीक की जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में उपस्थित कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के 70 छात्र-छात्राओं से इनोवेटिव विचार आमंत्रित कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बारे में बताया गया। यह कार्यशाला जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग महासमुंद से विशेष तौर पर आए हुए अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों दिनेश कंवर, लिकेश्वर सिन्हा, वैभवी साहू एवं अनीश नकवी द्वारा संचालित किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि इनोवेटिव विचार सेलेक्ट होने पर पुरस्कार स्वरूप शासन की ओर से धनराशि भी प्रदान किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य की अनुमति से कार्यशाला होने बताया। इस कार्यशाला में प्राचार्य गोविंद सिन्हा सहित व्याख्याताद्वय डॉ ज्योति किरण चंद्राकर, संजय एक्का, पूजा साहू, हेमलता कंवर एवं कीर्तन साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पूजा साहू ने किया। अंत में प्राचार्य गोविंद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

निधन

त्रिलोचन सिंघ चावला

महासमुंद। शहर के गुरद्वारा के पीछे



निवासी सरदार त्रिलोचन सिंघ चावला का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 07 अक्टूबर को शाम 04 बजे निकली। वे महेंदर सिंघ चावला और दलेर सिंघ चावला के भाई, आशीष चावला और साहेब सिंघ चावला के चाचा और हरअमृत सिंघ चावला के पिता थे। अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कांग्रेस ने मनाया काला दिवस, केंद्र सरकार के खिलाफ निकाली विरोध रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक द्वारिकाधीश यादव के दिशा-निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष लखबीर सिंह छाबड़ा के तत्वावधान में 8 अक्टूबर को अशोक होटल चौक में काला दिवस मनाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस नेताओं के साथ किए जा रहे व्यवहार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अशोक होटल चौक से स्टेशन चौक होते हुए वापस अशोक होटल चौक तक विरोध प्रदर्शन रैली निकाली गई। रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तख्ती लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लोकतांत्रिक अधिकारों एवं संविधान की रक्षा की आवाज उठाई।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को सुना जाना जरूरी है तथा संविधान और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा



सभी की जिम्मेदारी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रहेगी। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों और विरोध को बुलंद किया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन की एकजुटता के साथ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने की बात कही। विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष फिरोज मेमन, जिला महामंत्री गिरिश पटेल, राजेश सोनी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गा सागर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष लखवीर सिंह छाबड़ा, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष पोखराज साहू, पंकज हरपाल, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद मिथुन अमीर, मंता यादव, रमेश ठाकुर, ब्लॉक महामंत्री अशोक अग्रवाल, मयंक शर्मा, हितेश खरे, दिनेश मोंगरे, ताम्रध्वज बघेल, जुगराज बघेल सहित रवि निषाद, गणपत जगत, कुंती महानंद, आदित्य बोकड़े, लोकेश दीवान एवं कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, पार्षद और कार्यकर्ता शामिल हुए।

मेला : जोरातराई में सजा पशु मेला, उन्नत पशुपालन का दिखा उत्साह

पशुपालन को बनाया जाए आय का मजबूत आधार : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम

- उन्नत नस्ल और आधुनिक तकनीक से बढ़ाएं पशुपालन की आय : ठाकुर
- प्रतियोगिता में गाय, भैंस से लेकर बकरी, मुर्गी, बतख और बटेर तक ने लिया हिस्सा, उत्कृष्ट पशुपालक हुए सम्मानित

पंचायत जोरातराई भीमखोज में विकासखंड स्तरीय पशु मेला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्रभर से पहुंचे पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। विभिन्न नस्लों और श्रेणियों के पशु पक्षियों की प्रदर्शनी ने आयोजन को खास बनाया। प्रतियोगिता में दुधारू गाय, भैंस, उन्नत बछिया, बैल, बकरा बकरी, मुर्गी, बतख और बटेर सहित अलग-अलग वर्गों में पशुओं का प्रदर्शन किया गया। मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पशुपालकों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर रहे। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर तथा विशेष अतिथि जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, सरपंच भेखराम बघेल, खल्लारी के पूर्व सरपंच रामलाल सिन्हा, भीमखोज के पूर्व सरपंच प्रमोद चंद्राकर और उपसरपंच सुरेश पटेल मौजूद रहे।



23 हितग्राहियों को 50% अनुदान पर मिली उन्नत नस्ल की गाय

कार्यक्रम में नीति आयोग दिल्ली के अंतर्गत विकासखंड बागबाहरा के 23 हितग्राहियों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उन्नत नस्ल की गाय प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों को उन्नत पशुपालन से जोड़ने के साथ दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आय को बढ़ावा देना है। आयोजन में उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. अंजना नायडू, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आधार घृतलहरे, डॉ. आरजी यादव, डॉ. चौधरी सहित पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के पशुपालक उपस्थित रहे। जोरातराई का यह पशु मेला केवल प्रतियोगिता और प्रदर्शनी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्नत नस्ल, वैज्ञानिक पशुपालन और सरकारी योजनाओं के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का संदेश भी दे गया।

कार्यक्रम में नीति आयोग दिल्ली के अंतर्गत विकासखंड बागबाहरा के 23 हितग्राहियों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उन्नत नस्ल की गाय प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों को उन्नत पशुपालन से जोड़ने के साथ दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आय को बढ़ावा देना है। आयोजन में उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. अंजना नायडू, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आधार घृतलहरे, डॉ. आरजी यादव, डॉ. चौधरी सहित पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के पशुपालक उपस्थित रहे। जोरातराई का यह पशु मेला केवल प्रतियोगिता और प्रदर्शनी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्नत नस्ल, वैज्ञानिक पशुपालन और सरकारी योजनाओं के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का संदेश भी दे गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केशव नायक राम चंद्राकर ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। उन्नत नस्ल के पशुओं को अपनाकर पशुपालक अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से पशुपालकों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुदान और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं की नियमित देखभाल, बेहतर पशुपालन पद्धति और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि पशुपालन किसानों और ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने पशुपालकों से शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के साथ उन्नत नस्ल और वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन अपनाने की अपील की।

27वां विश्व दृष्टि दिवस उत्साह के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 08 अक्टूबर को जिले में 27वां विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व दृष्टि दिवस की थीम कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. नारायण साहू, कर्मचारियों डोलचंद नायक, यशवंत महिलांगे, बाल मलिक साव, कुलदीप प्रधान, लक्ष्मी दास, राधिका, कौशल्या दास, नेहा ने बैनर, पोस्टर के माध्यम से आमजनों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। डां. नारायण साहू ने बताया कि सभी को प्रतिवर्ष नियमित नेत्र परीक्षण कराना चाहिए। समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जाता है। आँखों में चोट, जलन, सूजन, दर्द या धुंधलापन होने पर तत्काल डॉक्टर को दिखाएं। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ की टीम सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शारदीय क्वांर नवरात्रि 11 से, तैयारी जोरों से

नर्रा। ग्राम पंडरीपानी स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर समिति पर्रापाट पहाड़ी तथा नर्रा सहित विभिन्न गांवों की सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समितियों द्वारा क्वांर नवरात्र पर्व की तैयारी जोर-शोर से जारी है। साफ-सफाई, रंग-रोगन और पंडाल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मंदिर समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की प्रतिमाएं एवं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार ग्राम नर्रा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम से परामर्शदाता पूजा धनगर एवं केस वर्कर राजेश्वरी साव ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इसमें संकटग्रस्त, जरूरतमंद और सहायता योग्य बच्चों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1098 के उपयोग और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। गुड टच-बैड टच, लैंगिक अपराधों से बचाव, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति और बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को गुड हेल्थ एवं हाइजीन (स्वास्थ्य और स्वच्छता) अपनाने तथा शिक्षा व करियर परामर्श के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह पर बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विशेष रूप से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने बच्चों को तनावपूर्ण परिस्थितियों में सही निर्णय लेने, अपनी भावनाओं व अनुभवों को सकारात्मक रूप से साझा करने तथा समस्या-समाधान कौशल विकसित करने की सीख दी। साथ ही, मानसिक तनाव या समस्या होने पर समय पर सही परामर्श और सहायता प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रचार-प्रसार सामग्री के वितरण और बच्चों को जागरूक रहने के संकल्प के साथ हुआ।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रूपेन्द्र साहू, प्राचार्य भूपेन्द्र पढीय़ार, वरिष्ठ व्याख्याता सुबोध कुमार तिवारी, रतनलाल कोसरे, पन्नालाल साहू, भास्कर प्रसाद यादव, नीलिमा भोई, कामता प्रसाद साहू, दुर्गेश चंद्राकर, योगेश साहू, जागृति प्रजापति सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट से बचाव एवं सुरक्षा के संबंध में अधिकार मित्रों को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिले में पदस्थ अधिकार मित्रों को विधिक जागरुकता शिविरों के अलावा साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट से बचाव एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आमजनों को जागरूक किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो के नेतृत्व में महासमुंद पुलिस विभाग के विशेष सहयोग जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विशेष रूप से उप पुलिस अधीक्षक ललिता मेहर और महेंद्र कुमार पटेल द्वारा आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों के अलावा सखी सेंटर, जेजेबी, लीगल एड क्लीनिक, जेल एवं मेगा ड्राईव में पदस्थ अधिकार मित्रों को साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट से बचाव एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तापूर्वक जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया। ताकि, यह अधिकार मित्र अपने नालसा योजनाओं एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत किए जाने वाले विशेष विधिक जागरुकता शिवरों पर भी साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट तथा साइबर सुरक्षा के संबंध में आमजनों को जागरूक कर सके। प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकार मित्रों को उप पुलिस अधीक्षक ललिता मेहर द्वारा विशेष रूप से साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर फ्रॉड प्रकारों, ओटीपी, यूपीआई फ्रॉड, डिजीटल गिरफ्तारी, बैक केवास अपडेट फ्रॉड, इन्वेस्टमेंट एवं ट्रेडिंग, एपीके फाइल, जॉब एवं लोन, वाट्अप एवं सोशल मिडिया है, क्यूआर कोड स्केम, फेक सिम एवं मोबाइल, एआई फेक स्केम, साइबर अपराध रिपोर्टिंग पर शिकायत की जानकारी दी।

महापुरूषों की जयंतियों और पुण्यतिथियों के दिन अवकाश बंद करें सरकार: गेंदलाल

महासमुंद। वर्तमान में महापुरुष क्यों नहीं बन पा रहे? अपराध, भ्रष्टाचार, आतंक, युद्ध, आंदोलन की समाप्ति क्यों नहीं हो पा रही है? महापुरूषों और शहीदों की जयंतियों व पुण्यतिथियों पर सरकारी अवकाश क्यों दिया जाता है? स्कूल और महाविद्यालय क्यों बंद कर दिया जाता है? आदि अनेक जनमानस के मुद्दों पर चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसका प्रबोधन करते हुए शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने सरकार द्वारा अवकाश का प्रयोजन बताया गया, लेकिन कोकडिया भी इस बात पर सहमत हैं कि महापुरुषों और शहीदों की जयंतियों और पुण्यतिथियों पर स्कूल और महाविद्यालय बंद न कर उनके बारे में उस दिन बच्चों को पढ़ाने से, बताने से समाज में, युवा पीढ़ी में कुछ बदलाव आयेगा, जिसमें बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों ने अपना पक्ष रखा। सभी इस बात पर एकमत हुए कि इन तिथियों पर अवकाश होने पर बच्चे टाइमपास कर समय बर्बाद कर देते हैं। पढ़ते-लिखते नहीं, घूमते-फिरते रहते हैं। फलस्वरूप जेन जी महापुरुषों के जीवनी और प्रेरणा से प्रेरित नहीं हो पा रहे हैं। सभा ने सरकार से मांग किया है कि जयंतियों और पुण्यतिथियों पर स्कूल और महाविद्यालय लगाया जाए, पढ़ाया जाए और उनके बारे में बताया जाए।

महासमुंद और कोमाखान में गांजा बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा के अवैध परिवहन के दो मामलों में महासमुंद और कोमाखान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। महासमुंद पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के एक मोटर सायकल का चालक पुलिस में लगी बत्ती को देखकर हड़बड़ाकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। उक्त मोटर सायकल में दो व्यक्ति सवार थे। भागने का कारण पूछने पर संदेहियों ने झोला और बैग में गांजा होने की जानकारी दी। पकड़े गये मोटर सायकल पल्सर एनएस क्र सीजी 04 क्यूटी 2443 के चालक ने अपना नाम आदित्य चतुर्वेदी पिता मधुलाल चतुर्वेदी (21 साल) निवासी लखौली थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम लोकेश टंडन पिता रामनारायण टंडन (21 साल) निवासी कुरूद मंदिर हसौद थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर का निवासी होना बताया। संदेहियों के कब्जे से पुलिस ने 7.498 किग्रा गांजा, कीमत 375000 रुपए और बाइक कीमत 50 हजार रुपए को बरामद किया। पूछताछ में आरोपी लोकेश टंडन ने बताया कि वह अपने साथी आदित्य चतुर्वेदी के साथ मोनेट कंपनी मंदिर हसौद में मजदूरी का काम करता है, दोनो गांजा पीते है व गांजा पीने के लिए गांजा की खरीदी करने टिकेश सेन मंदिर हसौद वाले के पास अक्सर जाते रहते हैं। लगभग 25-30 दिन पूर्व गांजा पीने के लिए गांजा खरीदने टिकेश सेन मंदिर हसौद के पास गये थे। गांजा खरीद कर तालाब मेड़ा के पास बैठकर गांजा पी रहे थे, उसी दौरान टिकेश सेन आया और बोला कि मेरे लिए ओडिशा से गांजा लाओगे तो तीन-तीन हजार रुपए दूंगा कहा। लालच में आकर पहली बार में वे लोग बाइक से ओडिशा के बेलपाडा गये। जहां शाहरूख के पास से गांजा लेकर आए। इसके बाद 06 अक्टूबर को टिकेश सेन ने नगद 44000 रुपए देकर शाहरूख के पास से गांजा लेकर आने कहा। इसके बाद वे 7 अक्टूबर को शाहरूख के पास से गांजा लेकर आ रहे थे और महासमुंद पुलिस द्वारा पकड़े गए। मामले में आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



कोमाखान पुलिस ने पकड़ा गांजा तस्कर

इसी तरह कोमाखान पुलिस को सूचना मिली थी कि बाम्हणसरा मोड़ ग्राम केरामुडा में बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर एक व्यक्ति बस का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस नेमौके पर पहुंचकर संदेही से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम रोहित पटवा पिता महेंद्र सिंह पटवा (28 साल) फतेहपुर थाना बारा जिला बारा राजस्थान होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 7.450 किलोग्राम गांजा, कीमत 3,72,500 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

